जननी जन्मभूमिश्च, स्वर्गदपि गरियसी

जो हठि राखै धर्म को, तिहिं राखै करतार

# विभागीय वार्षिक रिपोर्ट

## रोवर्स रेंजर्स

## सत्र : 2022—23



**नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी 'बी'**

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,

**जंगल धूसड़, गोरखपुर-273014**

# विषय सूची


| प्रकरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 1. प्रतिवेदन | |
| 2. प्रस्तावना | |
| 3. रोवर्स/रेंजर्स का स्वरूप | |
| 4. परिचयात्मक कार्यक्रम | |
| 5. पौधरोपण कार्यक्रम | |
| 6. व्याख्यान कार्यक्रम | |
| 7. स्वास्थ्य जागरूकता रैली | |
| 8. विचार गोष्ठी | |
| 9. रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर शुभारंभ | |
| 10. रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का द्वितीय दिन | |
| 11. रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह | |
| 12. त्रिदिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर की सूची | |

# प्रतिवेदन

वर्तमान भौतिकवादी एवं तकनीकी युग में युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना का विकास तथा उनको भारतीय संस्कृति के सार्वभौमिक तत्वों के प्रति आग्रही बनाने में सामूहिक सहभागिता के अवसरो के संयोजन का मूल्य योगदान है। युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउटिंग/गाइडिंग प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें स्वस्थ, सुखी और उपयोगी नागरिक के रूप में विकसित किया जाता है। रोवर्स रेंजरर्स का उद्देश्य किशोरों और युवकों में उनके चरित्र, स्वास्थ्य, कौशल विकास के साथ सेवा की भावना के विकास द्वारा एक सुयोग्य नागरिक बनाना है। नवयुवकों के विकास में इस तरह योगदान करना है, जिससे उनकी पूर्ण शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, आध्यात्मिक तथा संवेगात्मक अन्तः शक्तियों की उपलब्धि हो, ताकि वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नागरिक के रूप में उपयोगी सिद्ध हो सके।

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में योगीराज बाबा गम्भीरनाथ रोवर्स एवं महारानी पद्मनी रेंजर्स ईकाई के प्रशिक्षुओ ने अध्ययन अध्यापन के साथ श्रम, सेवा और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष भर विभिन्न बौद्धिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया। मेरा विश्वास है कि विभिन्न प्रकार की शारीरिक, बौद्धिक व रूचियात्मक कार्यक्रमों के आयोजन में समर्पित भाव का परिचय देते हुए रोवर्स रेंजर्स ने पूर्ण मनोभाव से सेवा कार्य में सहभाग किया है। रोवर्स रेंजर्स की सत्र 2022–23 की वार्षिक रपट प्रस्तुत है।

श्रीमती विभा सिंह
(एम.ए. एम.एड)
सहायक आचार्य, बी.एड्. विभाग
महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
मो.नं. –9793697265

# प्रस्तावना

वर्तमान भौतिकवादी एवं तकनीकी युग में युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना का विकास तथा उनको भारतीय संस्कृति के सार्वभौमिक तत्वों के प्रति आग्रही बनाने में सामूहिक सहभागिता के अवसरों के संयोजन का मूल्य योगदान है। युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउटिंग/ गांइडिंग प्रशिक्षणों के माध्यम से उन्हें स्वस्थ, सुखी और उपयोगी नागरिक के रूप में विकसित किया जाता है। खेल–खेल में स्वास्थ्य और चारित्रिक विकास के साथ–साथ पायनियरिंग, पुल बनाना, लाभदायक वस्तुओं के निर्माण तथा आत्माभिव्यक्ति की कला की सीख दी जाती है। आग बुझाने, मार्ग दुर्घटना, वृक्ष व बर्फ की दुर्घटनाएं तैरने व नावों की दुर्घटनाएँ आदि बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे वे स्वयं के विकास के साथ–साथ दूसरों की सहायता करने में भी सक्षम हो।

स्काउटिंग की प्रारम्भ एक अवकाश प्राप्त सेनाधिकारी लार्ड राबर्ट स्टीफेन्सन स्मिथ पावेल ने 1907 में किया, जिसकी नींव उनके बाल्यकाल में ही पड़ गयी थी, जब उन्होंने अपने चार भाइयों के साथ छोटी सी नाव का निर्माण तथा उनके साथ साहसिक समुद्री यात्राओं से जीवन के अनुभव तथा विभिन्न पहलुओ पर प्रायोगिक ज्ञान का साक्षत्कार किया, इससे उन्हें आत्मबोध की अनुभूति हुई और बाद में वे सभी क्रिया–कलाप स्काउटिंग की गतिविधियों के स्रोत बने।

यदि किसी व्यक्ति या बालक में इच्छा और ललक नहीं है तो उसे शिक्षित नहीं किया जा सकता। भारतीय दर्शन में किसी व्यक्ति को शिखर पर जाने से रोकने में काम, क्रोध, लोभ, मद और मोह ये 5 शत्रु माने जाते है। इन तथ्यों को मूलतः नियोजित कर 'रोवरिंग टू सक्सेज' की आधार शिला रखी।

# रोवर्स (स्काउट)/रेंजर्स (गाइड) के आधारभूत तत्व (उद्देश्य)




आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड 'रोवर्स/रेंजर्स में उद्बोधन देती बी.एड.विभाग सहायक आचार्य एवं रोवर्स/रेंजर्स प्रभारी श्रीमती विभा सिंह

स्काउट आन्दोलन का उद्देश्य किशोरों और युवकों में उनके चरित्र, स्वास्थ्य, कौशल विकास के साथ सेवा की भावना के विकास द्वारा एक सुयोग्य नागरिक बनाना है तथा नवयुवकों के विकास में इस तरह योगदान करना है। जिससे उनकी पूर्ण शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, आध्यात्मिक तथा सवेंगात्मक अन्तः शक्तियों की उपलब्धि हो, ताकि वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नागरिकों के रूप में तथा स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समुदायों में उपयोगी सिद्ध हो सके।

**रोवर्स रेंजर्स का स्वरूप–** यह संस्था पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था है तथा यह गैर–सरकारी तथा अराजनैतिक वर्गभेद की भावना से रहित और असाम्प्रदायिक स्वरूप का संगठन हैं इस संस्था में सन् 2018 से महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर का पंजीकरण प्रारम्भ हुआ है। प्रति वर्ष महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा रोवर्स रेंजर्स के टीम का गठन होता है जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करते है। विभिन्न प्रकार की शारीरिक, बौद्धिक व रूचियात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। समर्पित भाव का परिचय देते हुए रोवर्स रेंजर्स पूर्ण मनोभाव से सेवा कार्य में सहभाग करते है। प्रथम वर्ष में प्रवेशित रोवर्स रेंजर्स को प्रशिक्षण शिविर पूर्ण करने के उपरान्त प्रवेश प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है उसके पश्चात द्वितीय वर्ष के रोवर्स रेंजर्स को निपुण प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। अब तक महाविद्यालय में कुल प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले रोवर्स रेंजर्स की संख्या इस प्रकार है–




आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड 'रोवर्स/रेंजर्स में उपस्थित बी0एस0 विभाग प्रभारी उप–प्राचार्य एवं रोवर्स/रेंजर्स प्रभारी

| सत्र | प्रवेश प्रमाण पत्र (प्रथम वर्ष) | | निपुण प्रमाण पत्र (द्वितीय वर्ष) | |
|---|---|---|---|---|
| | रोवर्स | रेंजर्स | रोवर्स | रेंजर्स |
| 2022–23 | 40 | 48 | – | – |

प्रत्येक रोवर क्रू और रेंजर टीम में टीम लीडर एवं सहायक लीडर नियुक्त किया जाता है। सामान्यः लीडर ही टीम की कार्य व्यवस्था के लिए उत्तरदायी होता है।

**परिचयात्मक कार्यक्रम**–आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर में रोवर्स रेंजर्स की क्रियाशीलता में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों, प्रतियोगिता, प्रशिक्षण शिविर और खेलकूद का आयोजन किया गया। सत्र 2022–23 में दिनांक 06.09.2022 को रोवर्स रेंजर्स सम्मिलित हुए। कार्यक्रम परिचायात्मक कार्यक्रम का आयोजनन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी तथा मार्गदर्शन प्रदान करने के क्रम में बी.एड्. विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह रहें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोवर्स रेंजर्स के दोनों टीमों का आपस में समन्वय करना एवं रोवर्स रेंजर्स के मूल भाव को आत्मसात कराना था। रोवर्स रेंजर्स इस संस्था के उद्देश्य से परिचित हो। इस उद्देश्य की पूर्ति में हमारे कार्यक्रम के वक्ता एवं अतिथि ने अपने उद्बोधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। डॉ. विजय चौधरी ने निःस्वार्थ भाव से सेवा करने तथा अपने स्वविकास के महत्व को सरल एवं सहज रूप में बतायां श्रीमती शिप्रा सिंह ने शिक्षा को महत्व देते हुए बताया कि वह शिक्षा जो हमारे भीतर सेवा भाव न पैदा कर सके, उपयोगी नहीं है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम इसी कारण विशिष्ट और महत्वपूर्ण है कि हमारे अन्दर सेवा भाव को पैदा करते है। इस कार्यक्रम का आभार एवं समन्वय रोवर्स रेंजर्स प्रभारी श्रीमती विभा सिंह ने किया।



आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड 'रोवर्स/रेंजर्स में उद्बोधन देती बी.एड.विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह


आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड 'रोवर्स/रेंजर्स में उपस्थित प्रशिक्षु

# पौधरोपण कार्यक्रम
# 16 सितम्बर 2022

दिनांक16 सितम्बर 2022 को ओजोन संरक्षण दिवस के अवसर पर रोवर्स रेंजर्स द्वारा पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता के महत्व को समझना है। ओजोन परत में क्षरण से होने वाले दुष्प्रभाव की गंभीरता को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण में पहल करने में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी हैं पौध रोपड़ का महत्व मानव जाति को बताये रखने में सबसे मुख्य है। इस अवसर पर बी. एड्. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि ओजोन क्षरण से मानवों के साथ पर्यावरण पर भी असर पड़ता है। मनुष्य जल्दी बूढ़े होते है और उनके शरीर




रोवर्स रेंजर्स द्वारा विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम में पौधरोपण करते विद्यार्थी




रोवर्स रेंजर्स द्वारा विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम में पौधरोपण करतीं बी.एड. प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह

की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है तथा फसलों का उत्पादन कम हो जाता है। इस अवसर पर रोवर्स रेंजर्स द्वारा अजवाइन, नीम, लीची, जामुन के पौधे रोपित किये गये और पर्यावरण के प्रति अपने कर्त्तव्य को जीवन में निभाने का संकल्प किया गया। कार्यक्रम का समन्वय रोवर्स रेंजर्स प्रभारी श्रीमती विभा सिंह ने किया। रोवर्स रेंजर्स की टीम ने अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया और उन्हे पौधे भी भेंट किया।




रोवर्स रेंजर्स द्वारा विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम में पौधरोपण करते विद्यार्थी




रोवर्स रेंजर्स द्वारा विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम में पौधरोपण करतीं रोवर्स रेंजर्स प्रभारी श्रीमती विभा सिह एवं विद्यार्थी

# व्याख्यान कार्यक्रम

**01 अक्टूबर 2022**

दिनांक 01 अक्टूबर 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत श्रीमती ऐनी बेसेन्ट जयन्ती पर रोवर्स/रेंजर्स के तत्वावधान में व्याख्यान का आयोजन प्रार्थना सभा में किया गया। इस व्याख्यान का उद्देश्य महापुरुषों के जीवन से हमें जीवन जीने का कला प्राप्त होती है। प्रत्येक समस्या का समाधान मिलता है। कैसे जीवन जीना है उसका बोध होता है। वे अपने चरित्र बल से




महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के श्रीरामसभागार में ऐनी बेसेन्ट जयन्ती के अवसर पर उद्‌बोधन देते सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र सिह




महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के श्रीरामसभागार में ऐनी बेसेन्ट जयन्ती के अवसर पर मंचस्थ शिक्षकगण



वे अपने देशवासियों को उन्नति पथ पर अग्रसर होने में सहायता करते है। रोवर्स रेंजर्स का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक जीवन से सरोकार करवाना, सामुदायिक समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना, सामूहिक जीवन जीने का कौशल उत्पन्न करना, पारम्परिक सहयोग राष्ट्रीय एकता की भावना पनपाना है। बी.एड्. विभाग के सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र सिंह ने अपने व्याख्यान में कहा कि ऐनी बेसेन्ट का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणाप्रद है। धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक क्षेत्र एवं राष्ट्रीय पुनर्जागरण के क्षेत्र में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान किया। उन्होंने लगभग 40 वर्षो तक भारत की सेवा की। कर्म को जीवन का मूलमंत्र एवं मानवता की सेवा का सबसे बड़ी सेवा के रूप में देखा। कार्यक्रम का संयोजन रोवर्स/रेंजर्स प्रभारी श्रीमती विभा सिंह सहायक आचार्य बी.एड्. विभाग ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक विद्यार्थी एवं 68 रोंवर्स रेंजर्स उपस्थित रहें।

# एक दिवसीय शिविर

## 21 अक्टूबर 2022

दिनांक 21 अक्टूबर 2022 को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत रोवर्स रेंजर्स एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा आने पर समाज के सभी प्रभावित लोगों की सेवा की जा सके। विपरीत परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए राष्ट्र को विपत्तियों से बचाकर मुख्य लक्ष्य देश सेवा होना चाहिए। रोवर्स रेंजर्स एक साथ समूह में मिलकर कार्य करना सिखाता है। इस उद्देश्य प्राप्ति हेतु शिविर का आरम्भ व्यायाम के साथ हुआ। रोवर्स रेंजर्स को झण्डा गीत, नियम और प्रतिज्ञा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। तत्पश्चात् स्वैच्छिक श्रमदान का कार्य किया। कार्यक्रम में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षुओं को मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षुओं को संयमित और अनुशासित जीवन जीने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि सहयोग और सामूहिकता सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में रोवर्स समूह के प्रभारी बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्री अभिषेक त्रिपाठी ने प्रशिक्षुओं को मूल्यपरक जीवन जीने और स्वयं की शक्ति को पहचानने हेतु स्वामी विवेकानन्द के महत्वपूर्ण विचारों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन रोवर्स श्री तारकेश्वर पाण्डेय ने किया। इस शिविर में दोनों सोपान के कुल 72 रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन रोवर्स रेंजर्स समन्वय बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने किया।




Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31s


ng Quad Camera
my Galaxy M31s


य, जंगल घूसड़, गोरखपुर
Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31s

# स्वास्थ्य जागरूकता रैली

## 24 नवम्बर 2022

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में 'आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 24 नवम्बर 2022 के रोवर्स रेंजर्स द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें रोवर्स रेंजर्स द्वारा रैली निकालकर जनपद में फैला रहे डेंगू के प्रकोप से सुरक्षा के उद्देश्य से लोगों में जागरूकता के लिए रैली निकाली गयीं। कहते है इलाज से अधिक महत्वपूर्ण है बिमारी को पैर पसारने न दिए जाएँ या उसकी रोकथाम के




उपाय किए जाए। किसी बिमारी और उसके लक्षणों के बारे में जागरूक होने का मतलब है कि लोगों द्वारा निवारक कार्यवाई करने और जाँच परीक्षण और जाँच के लिए जाने की अधिक संभावना है। 'इस उद्देश्य हेतु रोवर्स रेंजर्स ने मंझरिया और हसनगंज ग्राम में जाकर ग्रामवासियों को स्वास्थ्य विशेष रूप से डेंगू के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य सम्बन्धी नारों के माध्यम से डेंगू से बचाव हेतु रोवर्स रेंजर्स द्वारा ग्रामवासियों को स्वच्छता और सुरक्षा का संदेश दिया गया। रैली में दोनों सोपान के कुल 52 रोंवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे। जागरूकता रैली का आयोजन रोवर्स रेंजर्स प्रभारी श्रीमती विभा सिंह एवं सह–प्रभारी श्री अभिषेक त्रिपाठी द्वारा किया गया।


उ0प्र0 भारत स्काउड और गाइड
रोवर्स/रेंजर्स
स्वास्थ्य जागरूकता रैली
24 नवम्बर 2022
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड, गोरखपुर


Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31s



# विचार गोष्ठी
## 21 जनवरी 2023

आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत रोवर्स रेंजर्स द्वारा 21 जनवरी 2023 को 'स्वामी विवेकानन्द का जीवन दर्शन' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द एवं उनके जीवन दर्शन से परिचित कराते हुए उन्हें सभ्य समाज के निर्माण और राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने हेतु तैयार करना है। कार्यक्रम में रोवर्स तारकेश्वर पाण्डेय, निमिष सिंह, भानू प्रताप सिंह तथा रेंजर्स अर्पिता चतुर्वेदी, काजल जायसवाल व ममता मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वामी विवेकानन्द के जीवन और उनके दार्शनिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द युवाओं के अग्रदूत ही नहीं वरन् युवा मन रखने वाले लोगों के लिए प्रेरणास्पद है। उन्होंने विवेकानन्द की प्रसिद्ध पंकित "उठो जागो और तब तक रूको" नहीं जब तक तुम्हें लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए" को दुहराते हुए चरितार्थ करने पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक त्रिपाठी सहायक आचार्य बी.एड्. विभाग ने किया। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा निषाद सहायक आचार्य बी.एड्. विभाग सहित रोवर्स–रेंजर्स उपिस्थत रहे। कार्यक्रम का संयोजन रोवर्स रेंजर्स प्रभारी श्रीमती विभा सिंह सहायक आचार्य बी.एड्. विभाग ने किया।




दिनांक
21012023
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
उ0प्र0 भारत स्क
रोवर्स/
स्वामी विवेक
प महाविद्य


दिनांक
21012023
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
विचार गोष्ठी
उ0प्र0 भारत स्काउड और गाइड
रोवर्स/रेंजर्स
स्वामी विवेकानन्द का जीवन दर्शन
प महाविद्यालय, जंग



# रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ
# 07 अप्रैल 2023

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज दिनांक 07 अप्रैल 2023 को तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। तदोपरांत महाविद्यालय के श्रीराम सभागार में आयोजित उद्घाटन सत्र में सभी रोवर्स/रेंजर्स सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत रेंजर्स द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र में बी.एड्. विभाग के सहायक आचार्य श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं श्री अभिषेक





त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियों को तीन दिवसीय शिविर में आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभाग करने और रोवर्स/रेंजर्स के मूलमंत्र परसेवा भाव को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने शिविर की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। उद्घाटन सत्र की औपचारिक शुरुआत के तदोपरांत कक्षा सत्र में प्रथम दिन कार्यवाहक जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री सूरज चंद गौतम, जिला प्रशिक्षक श्री शिवा राय व श्री शशि प्रकाश जी ने प्रशिक्षणार्थियों को रोवर्स/रेंजर्स के इतिहास, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम व प्रतिज्ञा और टोली निर्माण का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कुल 43 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।






गोरखपुर




रोवर्स/रेंजर्स

# रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन
# 08 अप्रैल 2023

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज दिनांक 08 अप्रैल 2023 को तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का आरम्भ महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बी.पी.—06 एवं ड्रिल मार्च से किया गया। तदोपरान्त ध्वज शिष्टाचार की प्रक्रिया पूर्ण कर, कक्षा सत्र में जिला प्रशिक्षक श्री शिवा राव एवं श्री राजू मौर्या ने प्रशिक्षणार्थियों को रस्सी बाँधना, सी.टी. संकेत, गाँठ बाँधने, खोज चिह्न तथा स्काउट के संक्षिप्त इतिहास की जानकारी दी। साथ ही रोवर्स/रेंजर्स को लोकगीत, कहानियाँ एवं समसामायिक पहलुओं का ज्ञान कराया गया। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़—चढ़ कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर कुल 43 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।







रोवर्स/रेंजर्स






# रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह
# 09 अप्रैल 2023

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज दिनांक 09 अप्रैल 2023 को तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन का प्रारम्भ महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में बी पी–6, ड्रिल मार्च एवं ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। तद्पश्चात महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण से प्रशिक्षुओं ने अपने अपने टोली के साथ पूर्व निर्धारित स्थान 'योगीराज बाबा गम्भीरनाथ



सेवाश्रम स्थित मंदिर प्रागण में पहुंचकर कैम्प लगाया। जहाँ पर जिला प्रशिक्षक श्री शिवा राय एवं श्री अभिजीत सिंह ने प्रशिक्षुओं को गांठ बांधने, तंबू लगाने, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वच्छता की जानकारी दी। कैम्प लगाने के क्रम में प्रशिक्षुओं ने श्रमदान एवं कैम्प फायर में हिस्सा लिया। इस प्रकार की क्रियाविधि का उद्देश्य भावी प्रतिकूल परिस्थितियों में सीमित एवं स्थानीय संसाधनों के प्रयोग से जीवन–यापन के तरीकों को सीखना है। रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के समारोप अवसर पर स्काउट प्रशिक्षक एवं बीएड विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिषेक त्रिपाठी एवं श्री शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं की विभिन्न टोलियों द्वारा बनाये गए कैम्पों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिविरार्थियों को विभिन्न कैम्पों एवं आधारभूत जीवन व व्यवस्थापन के बारे जानकारी दी गई। शिविर के समापन अवसर पर शिविरार्थियों को दीक्षा दी गयी। इस अवसर पर शिविरार्थियों को मार्गदर्शन एवं भावी शुभकामनाएं देते हुए श्री अभिषेक त्रिपाठी, सहायक आचार्य , बीएड विभाग ने कहा कि रोवर्स / रेंजर्स का मूल उद्देश्य जीवन जीने की कला , अनुशासन एवं सेवा की भावना का

विकास करना है। विद्यार्थियों के अंदर मानव सेवा एवं नेतृत्व के गुणों का विकास कर भविष्य हेतु स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर होना है। तीन दिवसीय शिविर में सीखे गए अनुभव का प्रयोग समाज सेवा में लगाये एवं अच्छे अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात कर समाज सेवा करने में गर्व का अनुभव करें, यही आप सभी को भावी जीवन हेतु शुभकामनाएं देता हूँ। शिविर के समापन अवसर पर कुल 43 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।





# भारत स्काउट और उत्तर प्रदेश जनपद-गोरखपुर

## त्रिदिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर

**07.04.2023 से 09.04.2023**

स्थान : महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर

| क्र.स. | कक्षा | प्रशिक्षु का नाम | पिता का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | BAII sem | आशीष कुमार पाण्डेय | दिनेश पाण्डेय |
| 02 | BAI sem | आकाश गुप्ता | विनोद गुप्ता |
| 03 | B.ScIII sem | सपना | बेचन प्रजापति |
| 04 | BA.III sem | चंचल प्रजापति | दिलीप प्रजापति |
| 05 | B.A.I sem | सचिन चौहान | रघुवीर चौहान |
| 06 | B.A.III sem | पुष्पा चौहान | गब्बर चौहन |
| 07 | B.A.III sem | निशा | रुपचंद |
| 08 | B.A.III sem | नाजिया खातून | मो. इकबाल अली |
| 09 | B.A.III sem | चाँदनी खातून | मो. इकबाल अली |
| 10. | B.A.III sem | सुषमा सिंह | मनोज सिंह |
| 11. | B.A.I sem | दीप्ती मौर्या | देवेन्द्र मौर्या |
| 12. | B.A.I sem | दिव्या | देवेन्द्र कुमार मौर्या |
| 13. | B.A.I sem | उत्कर्ष | सन्तोष |
| 14. | B.A.III sem | ज्योति गुप्ता | राम नयन गुप्ता |
| 15. | B.A.I sem | रामसरन | श्री लाल सिंह निषाद |
| 16. | B.A.I sem | अमेरिका निषाद | श्री भवन निषाद |
| 17. | B.Sc.I sem | प्रद्युम यादव | वीरेन्द्र यादव |
| 18. | B.A.III sem | दीपशिखा चौहान | रामअवध चौहान |
| 19. | B.A.III sem | अमन चौहान | अमर सिंह चौहान |
| 20. | B.A.II sem | आलोक चौहान | अमर सिंह चौहान |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21. | B.A.III sem | प्रिया कुमारी | अवधेष निषाद |
| 22. | B.A.III sem | प्रीति मौर्या | सुरेश मौर्या |
| 23. | B.A.III sem | ज्ञानमती मौर्या | सुरेश मौर्या |
| 24. | B.A.III sem | अतुल शर्मा | हरेन्द्र शर्मा |
| 25. | B.A.II sem | ऋषिकेश सिंह | शत्रुधन सिंह |
| 26. | B.Com.III sem | हेमलता गौतम | वीरेन्द्र प्रसाद |
| 27. | B.Com.III sem | रानी शर्मा | रामक्यास शर्मा |
| 28. | B.Com.III sem | कॉजल जायसवाल | सूजीत जायसवाल |
| 29. | B.Sc.III sem | अर्पिता चतुर्वेदी | विनय कुमार चतुर्वेदी |
| 30. | B.A.III sem | संदीप कुमार निषाद | हरिराम निषाद |
| 31. | B.A.I sem | सबरीना खातून | निजामुद्दीन खान |
| 32. | B.A.I sem | मरजीना खातून | सुभान खान |
| 33. | B.A.III sem | संस्कृति | ब्रह्मानन्द |
| 34. | B.A.III sem | अमित कुमार निषाद | रामाज्ञा निषाद |
| 35. | B.A.III sem | ऋषि चंद | रमन |
| 36. | B.Sc.II sem | राजा साहनी | अवधेश साहनी |
| 37. | B.Sc.II sem | माधुरी प्रजापति | रामूजागीर प्रजापति |
| 38. | B.A.III sem | प्रीति | सुरेश |
| 39. | B.A.III sem | अर्चना यादव | यदुवंश यादव |
| 40. | B.A.III sem | कविता यादव | श्री प्रकाश यादव |
| 41. | B.A.IV sem | प्रीति सिंह | रामकृपाल सिंह |
| 42. | B.A.III sem | प्रिंस सहानी | बरखू निषाद |
| 43. | B.Sc.III sem | कोमल पासवान | विनोद पासवान |
| 44. | B.A.III sem | संजय गुप्ता | मधुबन |




नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी 'बी'

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,

जंगल धूसड़, गोरखपुर-273014